कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग अल्मोड़ा
*Office of the Executive Engineer , PWD, Almora Uttarakhand*
**E-mail:eepdalmora@rediff.com**

पत्रांक 152 /7 सी0 दिनांक 19 जनवरी 2024

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
अल्मोड़ा वन प्रभाग,
अल्मोड़ा।

**विषयः** **जनपद अल्मोड़ा में विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर के अंतर्गत रौलाखरक से तिनगेर मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.925 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।**

**संदर्भः** **आपका कार्यालय पत्र सं0 415/12-1(2) दिनॉक 21.07.2023**

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में विषयक मार्ग के समीप निर्मित मोटर मार्ग के संबंध में चाही गयी वांछित सूचना बिन्दुवार निम्नवत है।

ग्रामवासियों द्वारा निर्मित किये मार्ग का निरीक्षण किया गया जिसमें तकनीकी रूप से निम्न कमियॉ परिलक्षित हुयी।

1. मार्ग के प्रारम्भिक 0.500 कि0मी0 लम्बाई का भाग भू-धसाव के कारण क्षतिग्रस्त है। जिसके सुधार किये जाने पर पुनः भू-धसाव की संभावना है।
2. मार्ग प्रारम्भिक बिन्दु से 1:5 से 1:10 ग्रेड के मध्य निर्मित है जबकि लो0नि0वि0 के मानकानुसार वाहन चलाने हेतु मोटर मार्ग हेतु अनुमन्य ग्रेड 1:20 से अधिक है।
3. मार्ग की वर्तमान चौड़ाई 2.00 मी0 से 3.00 मीटर के मध्य है। कम दूरी में हेयरपिन बैण्ड होने के कारण मार्ग का चौड़ीकरण कार्य किया जाना संभव नहीं है।
4. मार्ग के आरम्भिक बिन्दु से 0.945 कि0मी0 लम्बाई में 8 हेयरपिन बैण्ड निर्मित हैं जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में 1 कि0मी0 लम्बाई में अधिकतम 5 हेयरपिन बैण्ड निर्मित किये जा सकते हैं, जो कि मार्ग के ज्यामितीय स्थायित्व हेतु सुरक्षित है।

   उक्त बिन्दुओं के दृष्टिगत ग्रामवासियों द्वारा निर्मित द्वारा निर्मित मार्ग को मोटर मार्ग के संरेखण के अनुसार निर्माण किया जाना उचित नहीं है।

अतः अनुरोध है कि विषयक प्रकरण में अपने स्तर से अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

भवदीय,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,अल्मोड़ा।

पत्रांक 152/ 7सी तद्दिनॉकित

**प्रतिलिपि**— सहायक अभियन्ता (तृतीय), प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,अल्मोड़ा।